Sanmarg

Biography of RS Agarwal launched

Date: 17/07/2013 | Edition: Kolkata | Page: 5 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 17 H: 11

आर.एस. अग्रवाल की जीवनी 'एक और ब्रह्मांड' का लोकार्पण

सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : स्वामी श्री राघवेश्वर भारती ने इमामी ग्रुप के चेयरमैन आर.एस. अग्रवाल की जीवनी पर आधारित पुस्तक 'एक और ब्रह्मांड' का मंगलवार को लोकार्पण किया। अरुण माहेश्वरी द्वारा लिखित इस पुस्तक में निम्न मध्यम वर्ग परिवार में जन्मे आर.एस. अग्रवाल के शुरुआती दौर में संघर्ष से लेकर इमामी जैसा ब्राण्ड स्थापित कर एक साम्राज्य स्थापित करने के बीच के घटनाक्रमों का उल्लेख है। इस मौके पर स्वामी श्री राघवेश्वर भारती ने कहा कि अर्थ धर्म के बिना अर्थ नहीं, अनर्थ होता है क्योंकि धर्म ही मूल अर्थ है। स्वामी जी ने कहा कि इमामी ग्रुप के निदेशक आर.एस. गोयनका के बिना आर.एस. अग्रवाल अधूरे हैं। अग्रवाल ने जो सफलता हासिल की है उसके लिए उनका धैर्य, प्रयोगशीलता, कुशलता, भाग्य और ईश्वर की कृपा का योगदान है। इस मौके पर आर.एस. अग्रवाल ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए परिवार, स्वास्थ्य, धन, लक्ष्य और विस्तृत में जानने की ललक को जीवन का स्तंभ करार दिया। उन्होंने कहा कि सुख, शांति, प्रेम और ऊर्जा के साथ काम करने से सफलता मिलती है। अपनी सफलता के पीछे उन्होंने आर.एस. गोयनका से 55 वर्ष पुरानी दोस्ती को महत्वपूर्ण बताया। लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि व हिन्दी के साहित्यकार प्रो. कृष्ण बिहारी मिश्र ने कहा कि आर.एस. अग्रवाल ने अपने कर्म, पुरुषार्थ और बौद्धिक क्षमता के दम पर यह कीर्ति हासिल की है और लोगों को इन पहलुओं के बारे में जानना चाहिए।

पुस्तक का लोकार्पण करते स्वामी श्री राघवेश्वर भारती । साथ में हैं आरएस अग्रवाल व आरएस गोयनका

मुख्य वक्ता जगदीश्वर चतुर्वेदी थे। इस मौके पर आर.एस. गोयनका ने कहा कि उनके अंतरंग मित्र के जीवन पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण उनके लिए बहुत खुशी की बात है। पुस्तक के प्रकाशक राधाकृष्ण प्रकाशन के प्रबंध निदेशक अशोक माहेश्वरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन दिल्ली यूनिवर्सिटी की प्राध्यापिका डॉ. सुधा सिंह ने किया। समारोह में राज्य के पूर्व मुख्य सचिव अमित किरण देब, उद्योगपति बी.डी. सुरेका, एच.पी. बुधिया, एस.के. तोदी, पी.आर. अग्रवाल, एम.के. जालान, जुगल किशोर जैथलिया, मनीष गोयनका, धीरज अग्रवाल, साहित्यकार मणि शंकर मुखर्जी समेत कई अन्य गण्यमान्य उपस्थित थे।